**Need to establish a 150-bedded ESIC hospital in Dhanbad, Jharkhand-Laid**

श्री दुलू महतो **(धनबाद) :** मैं माननीय श्रम एवं रोजगार मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि मेरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र - धनबाद, जिसे 'कोल कैपिटल ऑफ इंडिया' के नाम से जाना जाता है, झारखंड राज्य का एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र है । यहाँ के श्रमिकों की कड़ी मेहनत और समर्पण से न केवल क्षेत्रीय बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी आर्थिक विकास हो रहा है I धनबाद में कार्यरत हमारे मेहनती श्रमिकों को खतरनाक कामकाजी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, जिसके कारण उन्हें श्वसन रोग, चोटें और दीर्घकालिक व्यावसायिक बीमारियाँ होती हैं । इस स्थिति में, स्वास्थ्य देखभाल की वर्तमान व्यवस्था अपर्याप्त हो चुकी है, और श्रमिकों को तत्काल और विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं की आवश्यकता है । इसलिए, माननीय श्रम एवं रोजगार मंत्री से निवेदन है कि धनबाद में एक अत्याधुनिक ESIC 150-बेडेड अस्पताल की स्थापना करवाई जाए जिससे यह अस्पताल श्रमिकों के स्वास्थ्य की तुरंत चिकित्सा जरूरतों को तो पूरा करेगा ही साथ ही दीर्घकालिक स्वास्थ्य देखभाल में मदद करेगा ।